दैनिक जागरण 17-03-2023

# कोई भी प्रतियोगिता हौसले और लगन से जीत सकते हैं, नशों से दूर रहें : खली

जागरण संवाददाता, अंबाला : वीरवार को गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें इंटरनेशनल रेसलर दलीप सिंह राणा उर्फ खली मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दमखम दिखाया। कालेज मैनेजमेंट कमेटी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। कालेज के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस, रेडक्रास स्वयंसेवक, महिला प्रकोष्ठ ने मार्च पास्ट करके सलामी दी।

खली ने कहा कि कालेज खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में कुछ न कुछ लक्ष्य जरूर निर्धारित करने चाहिए और खेलों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कोई भी प्रतियोगिता हौसले व लगन से ही जीती जा सकती है। उन्होंने कहा कि वे आज जिस मुकाम पर हैं, वह सिर्फ खेल की बदौलत है। विद्यार्थियों को स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए क्योंकि बिना आत्मविश्वास के आगे नहीं बढ़ा जा सकता और कोई भी प्रतियोगिता जीती नहीं जा सकती। जीवन में कभी भी अपने आपको निराश नहीं करना चाहिए। जीवन में अपने लिए नए मौके और नए अवसर पैदा करने चाहिए ताकि जीवन में सफल हुआ जा सके। उन्होंने महाविद्यालय को खेल के आयोजन के लिए बधाई दी। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कालेज की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। विद्यार्थियों के द्वारा हरियाणवी आर्केस्ट्रा प्रस्तुत किया। कालेज गवर्निंग बाडी के प्रधान डा. गुरदेव सिंह, उप-प्रधान केजेएस भलाया, महासचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, कालेज मैनेजमेंट व ट्रस्ट के प्रधान डा. जसवंत राय जैन तथा प्रबंधक समिति के सदस्य प्रदीप जैन ने खली का आभार जताया। मंच संचालन डा. अमित, डा. मनजीत कौर, डा. अनुपमा सिहाग, डा. रवनीत व डा. तृप्ति ने किया। अस्पताल अंबाला कैंट से एंबुलेंस मौजूद रही, जबकि इस दौरान डा. जोगेंद्र भी मौजूद रहे।

- जीएमएन कालेज के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दलीप सिंह राणा उर्फ खली रहे मुख्य अतिथि
- एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दिखाया दमखम, 17 को समापन समारोह



जीएमएन कालेज के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान रेसलर दलीप सिंह राणा उर्फ खली को उनका चित्र भेंट करते हुए। • पीआरओ

## 400 मीटर दौड़ महिला वर्ग में रुचि तो पुरुष वर्ग में पंकज ने पाया प्रथम स्थान

- महिलाओं की 400 मीटर रेस में रुचि भट्ट बीए प्रथम हर्ष, कृतिका बीए द्वितिय, संजना, बीकाम द्वितीय वर्ष क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।
- पुरुषों की 400 मीटर रेस में आशीश बीए प्रथम वर्ष, पंकज बीए प्रथम वर्ष, रूद्रप्रताप बीसीए द्वितीय वर्ष क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- महिलाओं की 800 मीटर रेस में कृतिका बीए द्वितीय वर्ष, रुचि भट्ट बीए द्वितीय वर्ष, अंशिका बीएससी प्रथम वर्ष क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।
- महिलाओं की शाटपुट में मोनी बीए प्रथम वर्ष, निधि बीए द्वितीय वर्ष, राखी बीए तृतीय वर्ष क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।
- पुरुषों की शाटपुट में कुश बीए द्वितीय वर्ष, अमन बीएससी प्रथम वर्ष, पंकज बीए प्रथम वर्ष क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- महिलाओं की 200 मीटर रेस में रुचि भट्ट बीए प्रथम वर्ष, कृतिका वर्मा बीए द्वितीय वर्ष, सृष्टि बीकाम द्वितीय वर्ष क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।
- महिलाओं की लंबीकूद में संजना बीकाम द्वितीय वर्ष, कृतिका बीए द्वितीय वर्ष, रुचि भट्ट बीए प्रथम वर्ष क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।
- पुरुषों की 1500 मीटर रेस में आशीश बीए प्रथम वर्ष, युवराज बीएससी प्रथम वर्ष, अमन बीए प्रथम वर्ष क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- पुरुषों की हाप स्टेप एंड जंप मैन पंकज बीए प्रथम वर्ष, अदनान बीकाम द्वितीय वर्ष, आशीश बीए प्रथम वर्ष क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।